राजकीय स्नातक महाविद्यालय कोटला बेहड़ (कांगड़ा)

# वार्षिक प्रतिवेदन

सोमवार, 17 मार्च, 2025

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

## श्री सुरेन्द्र सिंह मनकोटिया

पूर्व उपाध्यक्ष कर्मचारी एवं श्रमिक कल्याण बोर्ड

# वार्षिक प्रतिवेदन-2024-25

## मुख्य अतिथि श्री सुरेन्द्र सिंह मनकोटिया जी की उपस्थिति में प्रस्तुत दिनांक 17 मार्च, 2025

राजकीय उत्कृष्ट स्नातक महाविद्यालय कोटला बेहड़ के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह पर मुख्य अतिथि जी का मैं महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों, पीटीए सदस्य, पूर्व छात्र संघ व समस्त विद्यार्थियों की ओर से आपका हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करती हूँ। महाविद्यालय परिवार आपको समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपने मध्य पाकर अत्यन्त गौरवान्वित महसूस कर रहा है। श्रीमान जी, आप अपनी व्यवस्तताओं के बाबजूद हमारे बीच आए, उससे समारोह की गरिमा में चार चांद लग गए हैं। मैं आपके साथ आए हुए अथितियों, गण्मान्यों, प्रशासनिक अधिकारियों, पत्रकार बन्धुओं, अभिभावकों, ग्राम पंचायत प्रधानों तथा सभी क्षेत्रवासियों का सहृदय से स्वागत करती हूँ।

श्री सुरिन्द्र सिंह मनकोटिया का जन्म 21 अप्रैल 1964 को डाडासीबा क्षेत्र के कलेहड़ गांव, तहसील डाडासीबा जिला कांगड़ा से स्वर्गीय श्री शमशेर सिंह मनकोटियाँ के घर में हुआ। इनकी शुरुआती शिक्षा राजकीय माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा में हुई। इन्होंने IIT शाहपुर से स्टनोग्राफर का डिप्लोमा प्राप्त किया तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में M.A. की। 1986 में इनका चयन हि. प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा स्टेनोग्राफर के पद पर हुआ। इन्होंने विभिन्न सरकारी पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान करवाई। सरकारी सेवा के दौरान इन्हें निजी सचिव Class I Gazetted Officer के रूप में पदोन्नत किया गया। इनकी कर्मचारी/ट्रेड यूनियन गतिविधियों में गहरी दिलचस्पी रही है। इन्होंने विभागीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। तथा ये हि. प्र. Non Gazetted कर्मचारी संघ के अध्यक्ष भी रहे हैं। ये कर्मचारी एवं श्रमिक कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके है। 2014 में 50 वर्ष की आयु में इन्होंने सरकारी सेवाओं से त्यागपत्र दे दिया। तथा कांग्रेस पार्टी के सदस्य बनकर सक्रिय राजनीति में कदम रखा। 1 वर्ष 2015 में इन्हें प्रदेश कांग्रेस समिति का सचिव नियुक्त किया गया। इन्होंने 2017 तथा 2022 में जसवां विद्यानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा।

ये ब्लाक कांग्रेस समिति जसंवा प्रागपुर के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं। इस क्षेत्र के लिए बड़े गौरव की बात है कि इस क्षेत्र की आपके रूप में यशस्वी एवं कर्मठ नेता प्राप्त हुआ है।

डॉ. विजय कुमारी महाविद्यालय के स्टाफ, केन्द्रीय छात्र परिषद, पी. टी. ए. सदस्य, पूर्व छात्र संघ एवं समस्त विद्यार्थियों की तरफ से आप सब का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करती हूँ।

राजकीय स्नातक महाविद्यालय कोटला बेहड की आधारशिला 23 जून 2012 में रखी गई थी, किन्हीं कारणों से महाविद्यालय जल्द बन्द हो गया। पुन: यह राजकीय महाविद्यालय 27 अगस्त 2018 को हिमाचल प्रदेश सरकार के आदेशानुसार EDN-H(8)-79-43-2013 को नए महाविद्यालय के रूप में शुरु हुआ। राजकीय महाविद्यालय को एफिलिएशन 28 अगस्त 2021 को प्राप्त हुई।

इसके पश्चात् महाविद्यालय भवन का निर्माण ग्राम पंचायत कोटला बेहड़ में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के नजदीक ही नई इमारत का निर्माण किया गया। इस भव्य भवन का निर्माण निश्चित अवधि से पहले ही ठेकेदार श्री रवि काजल द्वारा किया गया। उसके लिए उनका हम हृदय से धन्यवाद करते हैं।

इस भव्य भवन का उद्घाटन 12 अक्तूबर 2022 को हुआ। तब से इस नवीन महाविद्यालय में कक्षाएं नियमित रूप से चल रही हैं। यह महाविद्यायल तलबाड़ा और चिन्तपूर्णी सड़के बाई ओर स्थित है।

**महाविद्यालय के शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग का विवरण–**

राजकीय महाविद्यालय में कुल 18 पद स्वीकृत हैं जिनमें 8 पद शिक्षक वर्ग के हैं दो पद अभी भी रिक्त हैं, गैरशिक्षक वर्ग के कुल 10 पद हैं जिसमें तीन पद अभी रिक्त चल रहे हैं। हिन्दी विभाग का पद अभी रिक्त चल रहा है।

| क्रंम संख्या | विषय | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | नियमित पद अनुबन्ध | पी. टी. ए | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | 01 | – | – | – | 01 |
| 2. | अंग्रेजी | 01 | 01 | अनुबन्ध | – | 01 |
| 3. | हिन्दी | 01 | – | – | – | 01 |
| 4. | इतिहास | 01 | 01 | अनुबन्ध | – | – |
| 5. | राजनीतिशास्त्र | 01 | 01 | अनुबन्ध | – | – |
| 6. | अर्थशास्त्र | 01 | 01 | अनुबन्ध | – | – |
| 7. | वाणिज्य | 02 | 02 | (अनुबन्ध/नियमित) | – | – |

**गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग का विवरण–**

| क्रंम संख्या | विषय | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | नियमित पद अनुबन्ध | पी. टी. ए | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अधीक्षक | 01 | – | – | – | 01 |
| 2. | वरिष्ठ लिपिक | 02 | 01 | नियमित | – | 01 |
| 3. | लिपिक | 02 | – | 01 | नियमित | 01 |
| 4. | पुस्तकालय अध्यक्ष | 01 | – | – | – | 01 |
| 5. | चपड़ासी | 03 | 03 | नियमित | – | 00 |
| 6. | चौकीदार | 02 | 02 | नियमित | – | – |

**विद्यार्थियों की संख्या-**

## 2018-19 में विद्यार्थियों की संख्या-5

| क्रम सं. | विषय | छात्र | छात्राएं | परीक्षा परिणाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वाणिज्य संकाय द्वितीय वर्ष | 0 | 4 | 100 |
| 2. | कला संकाय द्वितीय वर्ष | 0 | 1 | 100 |

## 2019-20 में विद्यार्थियों की संख्या-46

| क्रम सं. | विषय | विद्यार्थियों की संख्या | छात्र | छात्राएं | परीक्षा परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कला संकाय प्रथम वर्ष | 25 | 04 | 21 | |
| 2. | कला संकाय द्वितीय वर्ष | 04 | 01 | 03 | |
| 3. | कला संकाय तृतीय वर्ष | 01 | - | 01 | 100 प्रतिशत |
| 4. | वाणिज्य संकाय प्रथम वर्ष | 10 | 02 | 08 | |
| 5. | वाणिज्य संकाय द्वितीय वर्ष | 02 | - | 02 | |
| 6. | वाणिज्य संकाय तृतीय वर्ष | 04 | - | 04 | |

## 2020-21 में विद्यार्थियों की संख्या-96

| क्रम सं. | विषय | विद्यार्थियों की संख्या | छात्र | छात्राएं | परीक्षा परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कला संकाय प्रथम वर्ष | 39 | 15 | 24 | |
| 2. | कला संकाय द्वितीय वर्ष | 23 | 03 | 20 | |
| 3. | कला संकाय तृतीय वर्ष | 04 | 01 | 03 | 100 प्रतिशत |
| 4. | वाणिज्य संकाय प्रथम वर्ष | 18 | 08 | 10 | |
| 5. | वाणिज्य संकाय द्वितीय वर्ष | 02 | - | 02 | |
| 6. | वाणिज्य संकाय तृतीय वर्ष | 04 | - | 04 | |

## 2021-22 में विद्यार्थियों की संख्या-120

| क्रम सं. | विषय | विद्यार्थियों की संख्या | छात्र | छात्राएं | परीक्षा परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कला संकाय प्रथम वर्ष | 36 | 06 | 30 | |
| 2. | कला संकाय द्वितीय वर्ष | 27 | 05 | 22 | |
| 3. | कला संकाय तृतीय वर्ष | 20 | 03 | 17 | 100 प्रतिशत |
| 4. | वाणिज्य संकाय प्रथम वर्ष | 10 | 01 | 09 | |
| 5. | वाणिज्य संकाय द्वितीय वर्ष | 17 | 08 | 09 | |
| 6. | वाणिज्य संकाय तृतीय वर्ष | 10 | 02 | 08 | |

## 2023–24 में विद्यार्थियों की संख्या–146

| क्रम सं. | विषय | विद्यार्थियों की संख्या | छात्र | छात्राएं | परीक्षा परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कला संकाय प्रथम वर्ष | 39 | 06 | 33 | 99 प्रतिशत |
| 2. | कला संकाय द्वितीय वर्ष | 42 | 12 | 30 | |
| 3. | कला संकाय तृतीय वर्ष | 28 | 02 | 26 | |
| 4. | वाणिज्य संकाय प्रथम वर्ष | 09 | 05 | 04 | |
| 5. | वाणिज्य संकाय द्वितीय वर्ष | 19 | 04 | 15 | |
| 6. | वाणिज्य संकाय तृतीय वर्ष | 09 | 01 | 08 | |

**अभिभावक शिक्षक संघ–**

राजकीय महाविद्यालय कोटला बेहड़ में अभिभावक (माता–पिता) शिक्षक संघ के लिए निम्नलिखित सदस्यों का चुनाव किया गया जोकि इस महाविद्यालय की प्राचार्य के अधीन है–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री राजेश कुमार | अध्यक्ष |
| 2. | श्रीमती ममता देवी | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रो. राकेश कुमार | पी. टी. ए. प्रभारी |
| 4. | प्रो. अनिल कुमार | सचिव |
| 5. | प्रो. आदित्य ठाकुर | संयुक्त–सचिव |
| 6. | श्री रूप लाल | कोषाध्यक्ष |
| 7. | श्री विजय कुमार डोगरा | सदस्य |
| 8. | श्री महेंद्र सिंह | सदस्य |
| 9. | श्री नरेंद्र सिंह | सदस्य |
| 10. | श्री बलदेव सिंह | सदस्य |
| 11. | श्रीमती रजनी देवी | सदस्य |

**महाविद्यालय पत्रिका–**

राजकीय महाविद्यालय कोटला बेहड़ की पत्रिका बिपाशा का चतुर्थ संस्करण, 2024 में प्रकाशित हुआ। यह पत्रिका विद्यार्थियों की रचनाशील एवं लेखन क्षमता को साकार करने का सबसे उपयुक्त मंच है। इस पत्रिका के मुख्य संपादक प्रो. राकेश कुमार है।

**मुख्य संपादक–प्रो. राकेश कुमार**

| विभाग संपादक | शिक्षक संपादक | छात्र संपादक |
|---|---|---|
| 1. हिंदी | प्रो. अनिल कुमार | मानसी देवी |
| 2. वाणिज्य | प्रो. आदित्य ठाकुर | अभिनय ठाकुर |
| 3. अंग्रेजी | प्रो. पंकज कुमार | अक्षय ठाकुर |
| 4. इतिहास | प्रो. अनिल कुमार | रिया |
| 5. राजनीति शास्त्र | प्रो. राकेश कुमार | समीर |
| 6. अर्थशास्त्र | प्रो. हेमराज | अभिषेक |

**शिक्षक वर्ग की व्यक्तिगत उपलब्धियां-**

**1. प्रो. विजय कुमारी**

1. जुलाई, 2024 में Departmental Exam Qualify किया।
2. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 15 दिवसीय Capacity Building Programme में भाग लिया।
3. पंजाव विश्वविद्यालय चंड़ीगढ़ में 14 दिवसीय Refresher Course किया।
4. 7 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में सुजानपुर टिहरा में भाग लिया।
5. St. Bede's college Shimla द्वारा आयोजित 7 दिवसीय Faculty Induction Programme में भाग लिया।

**2. प्रो. हेमराज**

1. राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में सात दिवसीय Faculty Devlopment programme में भाग लिया।
2. केन्द्रिय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित 12 दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।
3. Bharath Institute of Higher Education द्वारा आयोजित 5 दिवसीय Faculty Development Programme में भाग लिया।
4. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 15 दिवसीय Capacity Building Programme में भाग लिया।

**3. प्रो. अनिल कुमार**

1. प्रो. अनिल कुमार द्वारा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर द्वारा आयोजित 7 दिवसीय Faculty Devlopment programme में भाग लिया।
2. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 7 दिवसीय NEP-2020 orientation and sensitization programme में भाग लिया।
3. HPU Shimla द्वारा Higher Education पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।
4. Himachal Pradesh University Regional Centre द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।
5. स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं का योगदान विषय पर Book Chapter Publish करवाया।
6. पर्यावरण संबंधी आंदोलनों का इतिहास विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
7. राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा द्वारा आयोजित 7 दिवसीय Internation workshop में भाग लिया।

**4. प्रो. राकेश कुमार**

1. राजकीय महाविद्यालय पालमपुर द्वारा आयोजित सात दिवसीय Faculty Develpment Programme में भाग लिया।
2. Bharath Institute of Higher Education and Research द्वारा आयोजित 7 दिवसीय Faculty Development Programme में भाग लिया।

**5. प्रो. पंकज कुमार**

1. राजकीय महाविद्यालय पालमपुर द्वारा आयोजित सात दिवसीय Faculty Develpment Programme में भाग लिया।
2. Bharath Institute of Higher Education and Research द्वारा आयोजित 7 दिवसीय Faculty Development Programme में भाग लिया।

**6. प्रो. आदित्य ठाकुर**

1. राजकीय महाविद्यालय पालमपुर द्वारा आयोजित 7 दिवसीय Faculty Devlopment programme में भाग लिया।
2. Tezpur University द्वारा Intellectual Property Rights के विषय पर आयोजित 7 दिवसीय FDP में भाग लिया।
3. Bharath Institute of Higher Education द्वारा आयोजित 5 दिवसीय Faculty Development Programme में भाग लिया।

**महाविद्यालय के विद्यार्थियों का विवरण–**

महाविद्यालय में कला और वाणिज्य संकाय की कक्षाएं चल रही है और महाविद्यालय में दोनों संकायों को मिलाकर विद्यार्थियों की कुल संख्या सत्र 2024–25 में 120 है इनमें **30** छात्र हैं तथा **90** छात्राएं हैं। यह कहते हुए परम हर्ष हो रहा है कि यहां छात्राओं की अधिक संख्या इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि यह क्षेत्र नारी शिक्षा को लेकर बहुत जागरूक है और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की मुहिम को आगे बढ़ा रहा है।

**गृह परीक्षा–( प्रभारी प्रो. आदित्य ठाकुर )**

राजकीय महाविद्यालय कोटला बेहड़ में दिसम्बर माह में गृह परिक्षा करवाई गई। समय–2 पर विद्यार्थियों के मासिक टैस्ट भी लिए जाते रहे हैं। यह परीक्षाएं प्राध्यापक वर्ग के प्रयासों व विद्यार्थियों के सहयोग से प्रो. आदित्य ठाकुर की देख–रेख में हुई।

**पुस्तकालय–( श्रीमती कुसुमलता )**

किसी भी शैक्षणिक संस्था में पुस्तकालय अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह शैक्षणिक संस्था का हृदय होता है। राजकीय महाविद्यालय कोटला बेहड़ के पुस्तकालय में विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए पर्याप्त मात्रा में पुस्तकें उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ज्ञानम, प्रतियोगिता दर्पण तथा योजना पत्रिका भी लगवाई है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में तीन समाचार पत्र भी लगवाए गए हैं। महाविद्यालय में लगभग 1250 पुस्तकें हैं जिनमें विद्यार्थियों के विषयों के अतिरिक्त सामान्य ज्ञान की पुस्तकें भी उपलब्ध हैं। राजकीय महाविद्यालय कोटला बेहड़ में बुक बैंक की भी व्यवस्था है। इसमें लगभग 300 पुस्तकें है जो कि समय–समय पर विद्यार्थियों को दी जाती है।

**पूर्व छात्र संघ–( प्रो. अनिल कुमार )**

राजकीय महाविद्यालय कोटला बेहड़ में वर्ष 2021 में पूर्व छात्र संघ का गठन किया ताकि पुराने विद्यार्थियों से सम्पर्क बना रहे और वे महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान दे सकें। पूर्व छात्र संघ की प्रभारी प्रोफैसर अनिल कुमार को बनाया गया।

**खेल–कूद–( प्रभारी प्रो. राकेश कुमार )**

राजकीय महाविद्यालय कोटला बेहड़ में 31 दिसम्बर, 2024 को वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत 100 मीटर, 800 मीटर दौड़, लम्बी कूद, ऊँची कूद, भाला फैंक, गोला फैंक इत्यादि प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ–चढ़ कर भाग लिया। सभी प्रतियोगिताएं खेल–कूद प्रभारी प्रोफैसर राकेश कुमार की देख–रेख में हुई।

**छात्रवृत्ति योजना–( प्रभारी प्रो. हेमराज ठाकुर )**

राजकीय महाविद्यालय कोटला बेहड़ में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजना का पर्याप्त लाभ मिल रहा है। 2019 में 15, 2020 में 12, तथा 2021 में 15 छात्र, 2022–23 में 12 छात्र तथा 2023–24 में 15 विद्यार्थियों ने इस योजना से लाभान्वित हुए।

| क्र. सं. | छात्रवृत्ति योजना | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कल्पना चावला छात्रवृत्ति | 02 | 02 | 02 |
| 2. | आई. आर. डी. पी. | 04 | 04 | 04 |
| 3. | ओ. बी. सी. | 02 | 01 | 02 |
| 4. | एस. सी. | 05 | 05 | 04 |
| 5. | डॉ. अम्बेडकर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ई. डब्ल्यू. एस. | 02 | - | 03 |
| | **कुल** | **15** | **12** | **15** |

**छात्रवृत्ति योजना 2022-23**

1. प्रधानमंत्री यशस्वी छात्रवृत्ति योजना (Economic Weeker section) 05
2. प्रधानमंत्री यशस्वी छात्रवृत्ति योजना (OBC students) 02
3. Post matric छात्रवृत्ति (एस. सी.) 05

**कुल 12**

**छात्रवृत्ति योजना 2023-24**

1. प्रधानमंत्री यशस्वी छात्रवृत्ति योजना (EWS & OBC) 04

3. Post matric छात्रवृत्ति (S.C. Students) 11

**कुल 15**

**रैड रिबन क्लब-( प्रभारी प्रो. हेमराज ठाकुर )**

रैड रिबन क्लब के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां हुई। 30 नबम्बर 2024 को एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, Quiz Competetion का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों तथा लोगों को एड्स विषय पर जागरुक करने हेतु रैली अभियान भी चलाया गया।

**रैगिंग विरोधी समीति-( प्रभारी प्रो. पंकज कुमार )**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार महाविद्यालय को पूर्णत: रैगिंग मुक्त बनाने के लिए रैगिंग विरोधी समीति का गठन किया गया है जिसके संयोजक प्रो. पकंज कुमार है। समिति को सत्र 2024-25 के दौरान कोई भी मामला संज्ञान में नहीं आया है।

**महिला शिकायत निवारण समीति-( प्रभारी प्रो. विजय कुमारी )**

सरकार के आदेशानुसार महाविद्यालय में महिला शिकायत निवारण समीति कार्यरत है। जिसकी समन्वयक प्रोफैसर विजय कुमारी हैं। सत्र 2024-25 के दौरान कोई भी मामला संज्ञान में नहीं आया है।

**रोड़ सेफ्टी क्लब-( प्रभारी प्रो. राकेश कुमार )**

राजकीय महाविद्यालय कोटला बेहड़ में सरकार के दिशा-निर्देश के अनुसार रोड़-सेफ्टी क्लब का गठन किया गया। इस क्लब का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों से अवगत करवाना है। इस क्लब के द्वारा 5 दिसम्बर से 11 दिसम्बर 2024 तक 7 दिवसीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस क्लब के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता तथा विद्यार्थियों द्वारा रैली भी निकाली गई। रोड़ सेफ्टी क्लब द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों तथा प्रतियोगिताओं में विजयी रहे प्रतिभागियों को प्राचार्य महोदया द्वारा सम्मानित किया गया।

**रोवर एवं रेंजर क्लब-( प्रो. आदित्य ठाकुर )**

हिमाचल प्रदेश के भारत स्काऊट एवं गाइड के अंतर्गत महाविद्यालय में रोबर एवं रेंजर की यूनिट बनाई गई जिसमें 40 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं ये यूनिट महाविद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम के आयोजन एवं संचालन में अहम भूमिका निभाती है।

**सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां- ( प्रभारी प्रो. अनिल कुमार )**

आजादी के 77 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महाविद्यालय में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 2 अक्तूबर, 2024 को गांधी जयंती के मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 5 अक्तूबर को शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर बधाई कार्ड बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 14 नबम्बर, को बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। 26 नवंबर को राष्ट्रीय संविधान दिवस के उपलक्ष पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। 28 फरवरी, 2025 को CSCA का चौथा सांस्कृतिक कार्यक्रम 'सरगम' मनाया गया।

**इको क्लब- ( प्रभारी प्रो. आदित्य ठाकुर )**

इको क्लब के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियां हुई। 25 सिंतबर से 1 अक्तूबर तक महाविद्यालय में गांधी जयंती के अवसर पर 'स्वच्छता अभियान' चलाया गया। दीवाली के शुभ अवसर पर रंगोली और ग्रींटिग कार्ड बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**महाविद्यलय की विशिष्ट उपलब्धियां**

1. Director of Higher Education द्वारा प्रदेश भर के उच्च शैक्षणिक संस्थानों की Internal Ranking करवाई गई जिसमें राजकीय महाविद्यालय कोटला बेहड़ ने 68वां स्थान हासिल किया। तथा Tier-III श्रेणी में प्रदेशभर में 12वां स्थान हासिल किया।

2. राजकीय महाविद्यालय देहरा द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर Inter College भाषण प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें महाविद्यालय के दो छात्रों ने भाग लिया तथा अक्षय बी. ए. तृतीय वर्ष के छात्र ने दूसरा स्थान हासिल किया।

3. Centre of Excellence Sanjouli में आयोजित Inter-College वैडमिंटन प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया।

**महाविद्यालय की भविष्यमुखी योजनाएं और आवश्यकताएं-**

1. महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की कक्षाएं शुरु करना।
2. महाविद्यालय में चल रहे रिक्त पदों को भरना।
3. अगले सत्र से Add-on Courses हिमाचल कौशल विकास निगम की तरफ से, Spoken English के Course शुरु करना।
4. महाविद्यालय में अगले सत्र से Bachalor of Business Adminstration (BBA) और Bachalor of Computer Application (BCA) की कक्षाएं शुरु करना।
5. महाविद्यालय में NSS एवं NCC की यूनिट का गठन करना।

अन्त मैं पुन: अपने स्टाफ सदस्यों, पीटीए समिति व सब छात्रों की ओर से मुख्यातिथि जी व अन्य गणमान्य व्यक्तियों व छात्रों के अभिभावकों का आभार प्रकट करती हूं कि आपने अपना बहुमूल्य समय देकर हमारे समारोह की शोभा को चार चांद लगाए। मैं आशा करती हूँ कि भविष्य में भी आपका प्रेम, सहयोग तथा मार्गदर्शन प्राप्त होता रहेगा।

धन्यवाद।

प्र. प्रधानाचार्या
डॉ. विजय कुमारी
राजकीय महाविद्यालय कोटला बेहड़